आवासन मंडल में सेनेटाइजेशन स्टेशन लगाया

जयपुर (समाचार जगत न्यूज)। आवासन मण्डल आयुक्त पवन अरोड़ा ने मुख्यालय में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये प्रदेश के पहले सुव्यवस्थित सेनेटाईजेशन स्टेशन का उद्घाटन किया। अरोड़ा ने बताया कि मण्डल कार्यालय में आने वाले कर्मचारियों और आमजन को कोरोना महामारी के संक्रमण से बचाव के लिये सेनेटाईजेशन स्टेशन की स्थापना की गई है।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार, केन्द्र सरकार और विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से यह निर्देश दिये जा रहे हैं कि कोरोना से बचाव के लिये अपने हाथों को नियमित रुप से बार-बार धोएं, यदि धोना संभव नहीं हो तो सेनेटाईज करें और मास्क लगाकर रखें। इन्हीं दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए आवासन मण्डल मुख्यालय में सेनेटाईजेशन स्टेशन की स्थापना की गई है। इस स्टेशन पर फुट पैडल के माध्यम से हाथ धो सकते हैं, साबुन ले सकते हैं और एक सेंसर युक्त सेनेटाईज मशीन लगाई गई है, जिससे बिना छुए हाथों को सेनेटाईज कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अगर आवासन मण्डल की योजनाओं में मोहल्ला समितियों या रेजीडेंट वेलफेयर सोसायटियों द्वारा इस तरह का सेनेटाईजेशन स्टेशन बनाया जाता है, तो आवासन मण्डल उन्हें 25 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि देगा। इसके साथ ही आवासन मण्डल के सभी कार्यालयों में भी सेनेटाईजेशन स्टेशन बनाये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार अब सरकारी कार्यालय पूर्ण क्षमता के साथ खोले जायेंगे, इसलिये इन सेनेटाईजेशन स्टेशन की उपयोगिता और उपादेयता और बढ़ जाती है। इसके साथ ही आवासन मण्डल के कार्मिकों को कोरोना से बचाव के लिए आवश्यकता अनुसार फेस मास्क और सेनेटाईजर भी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।